भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1892

(दिनांक 16.03.2023 को उत्तर के लिए)

रोजगार मेले में नियुक्ति पत्रों का वितरण

1892. श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस वर्ष रोजगार मेले के जरिए कितने लोगों को प्रधानमंत्री से नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए;
(ख) विभाग-वार और पद-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) ये रिक्तियां कब जारी की गईं और भर्ती प्रक्रिया का चरणबद्ध ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग): रोजगार मेला कार्यक्रम देश भर में आयोजित किए जा रहे हैं तथा नवनियुक्त कार्मिकों को स्वास्थ्य और शिक्षा संस्थानों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि सहित विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू)/स्वायतशासी निकायों में शामिल किया जाता है। प्रदान की गई नियुक्तियों की संख्या के ब्यौरे संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों आदि द्वारा रखे जाते हैं।

ऐसे मंत्रालयों/विभागों, जहां नव नियुक्त कार्मिकों को शामिल किया गया था, की सूची संलग्न है।

रिक्त पदों पर भर्ती करना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों एवं उनके संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों में कर्मचारी की सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र, मृत्यु, पदोन्नति आदि के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। चूंकि ये भर्तियां या तो प्रत्यक्ष रूप से संबंधित प्राधिकारी द्वारा या भर्ती एजेंसियों जैसे कि संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड और कर्मचारी चयन आयोग, आईबीपीएस आदि के माध्यम से की जाती हैं, अत: रिक्तियों/भर्तियों के चरण-वार ब्यौरे उन्हीं के द्वारा रखे जाते हैं।

संलग्नक

क्र.सं.	मंत्रालय/विभाग
1	संसदीय कार्य मंत्रालय
2	उपभोक्ता मामले विभाग
3	पर्यटन मंत्रालय
4	भारी उद्योग विभाग
5	स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
6	अंतरिक्ष विभाग
7	खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग
8	रक्षा मंत्रालय
9	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
10	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
11	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
12	इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
13	व्यय विभाग
14	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
15	कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
16	जनजातीय कार्य मंत्रालय
17	मत्स्य पालन विभाग
18	जल संसाधन विकास और गंगा संरक्षण विभाग
19	परमाणु ऊर्जा विभाग
20	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
21	नागरिक उड्डयन मंत्रालय
22	उच्चतर शिक्षा विभाग
23	कोयला मंत्रालय
24	दूरसंचार विभाग
25	सार्वजनिक उद्यम विभाग
26	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
27	ग्रामीण विकास विभाग
28	सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
29	दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
30	सूचना और प्रसारण मंत्रालय
31	विधि और न्याय मंत्रालय
32	ऊर्जा मंत्रालय
33	आवासनऔर शहरी कार्य मंत्रालय
34	पशुपालन और डेयरी विभाग
35	सैन्य कार्य विभाग

36	खान मंत्रालय
37	वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
38	सहकारिता मंत्रालय
39	आर्थिक कार्य विभाग
40	राजस्व विभाग
41	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय
42	संस्कृति मंत्रालय
43	उर्वरक विभाग
44	श्रम और रोजगार मंत्रालय
45	रेल मंत्रालय
46	वस्त्र मंत्रालय
47	भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
48	उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग
49	डाक विभाग
50	गृह मंत्रालय
51	विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
52	इस्पात मंत्रालय
53	पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
54	औषधि विभाग
55	वित्तीय सेवाओं का विभाग
56	पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
57	विदेश मंत्रालय
58	कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
59	वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग

*****